# University in News on 24 June 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लविवि : 13 कोर्स के परीक्षा परिणाम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत सोमवार को 13 कोर्स के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि छात्र परिणाम विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं। वहीं, विश्वविद्यालय में अब छात्र शिक्षकों से लेकर अधिकारियों तक से सीधे घर बैठे संपर्क कर सकेंगे। इसके लिए लविवि प्रशासन सभी शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और कार्यालय अधीक्षकों की टेलीफोन डायरेक्ट्री तैयार करवा रहा है। आधिकारिक स्वीकृति के बाद जुलाई में इसे जारी कर दिया जाएगा। (संवाद)

## JAGRAN CITY PAGE III

### नकल में पकड़े गए छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं निरस्त


लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान नकल के आरोप में पकड़े गए छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं निरस्त कर दी हैं। एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के चौथे व छठे सेमेस्टर के 12, दूसरे सेमेस्टर के 15, एलएलबी आनर्स पाठ्यक्रम के नौ छात्र-छात्राएं शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने इन छात्र-छात्राओं के रोल नंबर सहित पूरी सूची वेबसाइट पर जारी की है। (जासं)

### लवि : चैलेंज मूल्यांकन में बदले अंक

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई पाठ्यक्रमों के चैलेंज मूल्यांकन के परिणाम भी जारी किए हैं। एम.एससी पहले और तीसरे सेमेस्टर में 11 छात्र-छात्राओं के अंक बदल गए हैं। नए अंक वेबसाइट पर रोल नंबर के अनुसार अपलोड किए गए हैं। इसी तरह बीए पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के आठ, बी.एससी पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के 19 छात्र-छात्राओं के नए अंक जारी हुए हैं। (जासं)

### लवि ने स्नातक-परास्नातक के परिणाम जारी किए

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने स्नातक-परास्नातक के कई पाठ्यक्रमों का परिणाम जारी कर दिया है। बीकाम (बीपी) कामर्स प्रथम सेमेस्टर, बीएससी कृषि आनर्स आठवां सेमेस्टर, एमए डिफेंस स्टडीज द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोलाजी द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए हैं। इनके साथ ही एलएलबी (त्रिवर्षीय) एनईपी ला छठा सेमेस्टर, एमसीए द्वितीय सेमेस्टर, बीफार्मा फार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर, एमपीएड फिजिकल




एजुकेशन चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नोलाजी द्वितीय सेमेस्टर, एमए वीमेन स्टडीज द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर व एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर के रिजल्ट भी जारी कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर परिणाम देख सकते हैं।

## NBT PAGE 5

### LU में 13 पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को पीजी के दस व यूजी के तीन पाठ्यक्रमों सहित कुल 13 पाठ्यक्रम का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें एमए डिफेंस स्टडीज द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायॉलजी द्वितीय सेमेस्टर, एमसीए द्वितीय सेमेस्टर, एमपीएड चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नॉलजी द्वितीय सेमेस्टर, विमेंस स्टडीज द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर, बीकॉम बैक पेपर प्रथम, बीएससी एग्रीकल्चर आठवां सेमेस्टर और एलएलबी थ्री इयर चतुर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट जारी किया गया है। विवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि में 13 पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत सोमवार को 13 पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए। इसकी जानकारी लविवि के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी कर दी। उन्होंने वताया कि विद्यार्थी सभी पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल लविवि की वेवसाइट पर देख सकते हैं तथा किसी तरह की समस्या आने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक के मुताविक इसमें वीएससी कृषि, एमए रक्षा अध्ययन, वीकॉम वीपी, एमएससी माइक्रोवायोलॉजी, एलएलवी तीन वर्षीय, एमसीए, वीफार्मा, एमपीएड, एमएससी वायोटेक्नोलॉजी, एमए महिला अध्ययन तथा एमवीए सम सेमेस्टर के विषय शामिल हैं।

## HINDUSTAN PAGE 08

### एलयू में 13 पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत सोमवार को 13 पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसकी जानकारी परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी कर दी। उन्होंने बताया कि छात्र सभी पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या आने पर परीक्षा विभाग में संपर्क सकते हैं।

### एलयू शिक्षकों से घर से बात कर सकेंगे विद्यार्थी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अब विद्यार्थी शिक्षकों से लेकर अधिकारियों तक सीधे घर बैठे बात कर सकेंगे। एलयू प्रशासन सभी शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और कार्यालय अधीक्षकों की टेलीफोन डायरेक्ट्री तैयार करवा रहा है। आधिकारिक स्वीकृति के बाद जुलाई में इसे जारी कर दिया जाएगा। एलयू में वर्तमान में 40 से अधिक विभागों में चार सौ से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं।

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### लविवि में विभिन्न विषयों के परीक्षाफल हुए घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सम सेमेस्टर 2025 की परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित कर दिये गये है। छात्र-छात्राएं अपने विस्तृत परीक्षाफल लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। घोषित परिणाम में बीकॉम, बीएससी, एमए, एमएससी रक्षा अध्ययन, एमएससी माइक्रोबायोलाजी, एलएलबी तीन वर्षीय, एमसीएम, बीफार्मा, एमपीएड शारीरिक शिक्षा का परिणाम शामिल है।

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू ने सम सेमेस्टर के रिजल्ट किए जारी

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सम सेमेस्टर एग्जामिनेशन 2025 के रिजल्ट जारी कर दिए हैं. जिसमें बीकॉम, बीएससी एग्रीकल्चर, एमए डिफेंस स्टडीज, एमए वूमेन स्टडीज, एमसी माइक्रोबायोलॉजी, एलएलबी, एमसीए, बीफार्मा, एमपीएड, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी और एमबीए के रिजल्ट शामिल हैं. स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं.

### 34 छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं निरस्त

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान नकल के आरोप में पकड़े गए छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं निरस्त कर दी हैं. एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के चौथे व छठे सेमेस्टर के 12, दूसरे सेमेस्टर के 15, एलएलबी आनर्स पाठ्यक्रम के नौ छात्र-छात्राएं शामिल हैं. विश्वविद्यालय ने इन छात्र-छात्राओं के रोल नंबर सहित पूरी सूची वेबसाइट पर जारी की है.

### चैलेंज मूल्यांकन में बदले अंक

लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई पाठ्यक्रमों के चैलेंज मूल्यांकन के परिणाम भी जारी किए हैं. एमएससी पहले और तीसरे सेमेस्टर में 11 छात्र-छात्राओं के अंक बदल गए हैं. नए अंक वेबसाइट पर रोल नंबर के अनुसार अपलोड किए गए हैं. इसी तरह बीए पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के आठ, बीएससी पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के 19 छात्र-छात्राओं के नए अंक जारी हुए हैं.